उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 06.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 06.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश  बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 06.03.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## सुरक्षित चलें, सुरक्षित रहें

## ।। सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा ।।

शासन की मंशा अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक / निदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उ0प्र0 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 05.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह व प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह मय यातायात व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के आल्हा चौक, ऊदल चौक, हमीरपुर चुंगी, राठ चुंगी एवं सुभाष चौक पर बिना लाइसेंस/ नाबालिग ई-रिक्शा चालकों के विरूद्ध एक व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से वाहन चालकों से संवाद कर उनकी जीवनरक्षा के दृष्टिगत वाहन चालकों को यातयात नियमों का पालन किये जाने हेतु वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने की हिदायत दी गयी है।

सघन चेकिंग अभियान के दौरान संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ओवर स्पीड, स्टंट करने वाले, शराब पीकर व नाबालिक द्वारा ई-रिक्शा आदि वाहन चलाने वालों तथा बिना हेलमेट मोटर साइकिल चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही भी की गयी है, जान को जोखिम डालकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान 01 वाहन को सीज किया गया है तथा अन्य वाहनों से शमन शुल्क 30,000/- रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम द्वारा सड़क किनारे अवस्थित पेड़ों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जा रहे हैं-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपद महोबा में विगत दिनों घटित सड़क दुर्घटनाओं का संज्ञान लिया गया है, सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर यातायात प्रभारी महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व यातायात पुलिस टीम द्वारा दुर्घटना बाहुल्य हाट-स्पॉट प्वाइंट्स का चिन्हांकन करते हुए ऐसे स्थलों का भ्रमण कर इन मार्गों के किनारे अवस्थित पेड़ों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जा रहे हैं। जिससे रात्रि के समय में होने वाली संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

रात्रि में वाहन चलाते समय प्रकाश की कमी के साथ ही सामने से आ रहे वाहन की लाइट से भी वाहन चालकों को सड़क की चौड़ाई का अंदाजा लगाने में कठिनाई होती है, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में ऐसी सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने के उद्देश्य से सड़क किनारे अवस्थित पेड़ों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा कानपुर सागर हाइवे में दुर्घटना बाहुल्य इलाकों में सड़क किनारे लगे पेड़ो में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है।

सड़क किनारे लगे पेड़ो में रिफ्लेक्टर टेप लगाने से रात्रि में पेड़ व रेलिंग वाहन के लाईट से स्पष्ट रूप से वाहन चालको को दिखेगा, जिससे निश्चित रुप से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय यातायात पुलिस की कार्यवाही, बच्चों की सुरक्षा को लेकर चलाया गया वाहनों का चेकिंग अभियान, मानकों पर खरा नहीं उतरने पर की गई कार्यवाही-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में स्कूली बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत आज दिनांक- 06.03.2025 को प्रभारी यातायात पुलिस महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस महोबा द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियान चलाया गया, इस दौरान नियमों के विरुद्ध संचालित स्कूली वाहनों यथा- बस, क्रूजर, ई-रिक्शा, ऑटो, ओमनी इत्यादि वाहनों एवं किराये पर स्कूली बच्चे ढोने वाले प्राइवेट वाहनों में सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सघन चेकिंग की गयी। इस विशेष अभियान के तहत 23 स्कूली वाहनों की चेकिंग कर वाहनों में बच्चों की सुरक्षा हेतु तयशुदा मानकों को परखा गया है। इस दौरान सुरक्षा मानको पर कमी पाये जाने पर 12 स्कूली वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गयी है।

चेकिंग अभियान के दौरान चालक और परिचालकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए व स्कूल प्रशासन से बात कर हिदायत देते हुए कहा गया है कि स्कूल वाहन में बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत तय मानकों के अनुरुप ही वैध वाहनों का ही संचालन किया जाये, स्कूली वाहन के समस्त प्रपत्र दुरुस्त होने चाहिए तथा वाहन में सुरक्षा उपकरण जैसे दमकल यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स इत्यादि की उपलब्धता अवश्य होनी चाहिए साथ ही साथ स्कूली वाहन में प्रमुख हेल्पलाइन नम्बरों का अंकन स्पष्ट रुप से होना चाहिये।

इसी के साथ जनपद महोबा पुलिस प्रशासन आप सभी छात्रो के अभिभावकों से अपेक्षा करते हुए अपील करती है कि अपने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखें, सुरक्षा मानकों को पूरा करने वाले वाहन में ही बच्चों को स्कूल भेजें, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को वाहन न दें, यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अति आवश्यक है।










## "ब्रेथ एनालाइजर" से वाहन चालकों की जांच, पांच नशे की हालत में मिले, की गयी कार्यवाही-




पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभारी रोक लगाये जाने के उद्देश्य से जनपदीय पुलिस एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा दो-पहिया, चार-पहिया के चालक-परिचालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई है।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से प्रभारी यातायात पुलिस महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। जांच में सभी चालक-परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए उनको ओवर स्पीड में न चलने, अपने लेन में ही वाहन चलाने और सवारियों से मधुर व्यवहार करने के निर्देश दिए गए है। यह भी कहा गया कि यदि कोई चालक-परिचालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए मिला तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी।



यातायात पुलिस टीम की इस कार्यवाही के दौरान पांच वाहन चालक ऐसे मिले, जो नशे की हालात में वाहन चला रहे थे। जिनके विरुद्ध नियमानुसार चालान कार्यवाही की गयी है साथ ही सभी को हिदायत दी गयी है कि यदि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होगी तो उनके ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्तीकरण की प्रक्रिया अमल में लायी जायेगी।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी की संयुक्त अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर महोबा में आयोजित की गयी पीस कमेटी की बैठक, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

जनपद महोबा में रमजान, होली सहित अन्य आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत आज दिनांक- 06.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह व अपर जिलाधिकारी श्री रामप्रकाश की संयुक्त अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर महोबा में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। खुराफात व हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटने की बात कही गई है। पुलिस एवं प्रसाशनिक अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लोगों से अपील की है, उन्होंने त्यौहार पर शराब का सेवन, तेज आवाज में लाउडस्पीकर न बजाने को कहा है। हुड़दंग मचाने वालों पर सख्ती से निपटने की बात कही गई है। हुड़दंग मचाने वालों की सूचना पुलिस को देने को कहा गया है। एएसपी ने बताया त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट है। बेवजह खुराफात करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। बैठक में मौजूद लोगों से भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने को कहा है। समस्या आने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की है।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्यौहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके।







